

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

सलमान की 25 लाख की दी गई थी सुपारी


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 102 ■ बुधवार, 3 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


## अंबरनाथ के 20 ट्रैफिक वार्डन का ठेका समाप्त



- डेढ़ महिने से वार्डन काम पर नहीं
- ट्रैफिक जाम की हो रही समस्या

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ यातायात पुलिस के ट्रैफिक वार्डन का ठेका समाप्त होने के बाद 20 ट्रैफिक वार्डन ने काम करना बंद कर दिया है. विदित हो कि इन ट्रैफिक वार्डन को अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा वेतन दिया जाता था. 10 वर्ष पूर्व ये 20 ट्रैफिक वार्डन अंबरनाथ ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए एवं ट्रैफिक पुलिस की सहायता के लिए रखे गए थे. अंबरनाथ नपा के मुख्याधिकारी ने ट्रैफिक वार्डन का ठेका नहीं बढ़ाया है. डेढ़ महिने पूर्व ठेका समाप्त होने से उनको अब नपा पेमेंट नहीं देगी. ट्रैफिक वार्डन ने ठेका बढ़ाकर उन्हें दोबारा काम पर रखने की मांग की है.

विदित हो कि अंबरनाथ यातायात विभाग में कुल 36 ट्रैफिक पुलिस कार्यरत हैं, लेकिन रोजाना 24 या 25 ही यातायात सेवा के लिए उपलब्ध रहते हैं. कोई छुट्टी पर है तो किसी की तबियत ठीक नहीं है. किसी को ड्यूटी के लिए बाहर भी भेजना पड़ता है. अंबरनाथ यातायात विभाग के तहत अंबरनाथ और बदलापुर शहर के ट्रैफिक को कंट्रोल करना है, जिसके लिए केवल 36 पुलिस उसमें से भी केवल 24-25 की हाजिरी से उपरोक्त दोनों शहरों में ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है. इन ट्रैफिक पुलिस की सहायता के लिए ट्रैफिक वार्डन का होना जरूरी है.

मुख्याधिकारी से ये मांग की जा रही है कि ट्रैफिक वार्डन को ठेके पर रखा जाए या फिर ट्रैफिक विभाग को चाहिए कि वह अंबरनाथ विभाग में पुलिस की संख्या बढ़ाए. उपरोक्त दोनों मांग के लिए शहर के नेताओं को आगे आना होगा.

**यातायात** — वालधुनी से कल्याण व शहाड रेलवे ओवरब्रिज पर रोजाना ट्रैफिक जाम

# उल्हासनगर से कल्याण जाना हुआ मुश्किल

- ब्रिज की हालत खस्ता
- ब्रिज को चौड़ा करने की मांग
- सांसद श्रीकांत शिंदे ध्यान दे

⏭ करन बोधा



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर से अगर कल्याण जाना है तो उसके लिए शहाड रेलवे ओवर ब्रिज अथवा वालधुनी से कल्याण की मुख्य ब्रिज का इस्तेमाल करना पड़ता है। लेकिन इन दिनों इन दोनों उड्डानपुलों पर आए दिन लंबे ट्रैफिक जाम के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु सांसद श्रीकांत शिंदे से मांग की गई है कि इस खस्ता हालत ब्रिज के चौड़ीकरण का मार्ग खोले ताकि रोजाना जो लाखों की भीड़ कल्याण स्टेशन, कल्याण न्यायालय, स्थानीय स्कूल और मुंबई की ओर जाती है, उनको इस समस्या से निजात मिल सके।

उल्हासनगर-1 शहाड रेलवे स्टेशन से कल्याण की ओर जाने वाली रेलवे उड्डानपुल पिछले कई वर्षों से खस्ता हालत में है. इस पुराने ब्रिज में एक ही बारिश में गड्ढे पड़ पर गए हैं। उल्हासनगर शहर से कई लोग खड़कपाड़ा, योगीधाम आदि कल्याण के विभिन्न परिसर में स्थलांतरित हो गए हैं जिस कारण उन्हें रोजाना सुबह, शाम व रात के दौरान प्रतिदिन ट्रैफिक जाम का सामना कर पड़ रहा है। इसी रास्तों पर स्कूल कॉलेज भी हैं जिससे छात्रों को भी भारी परेशानी होती है।

कल्याण जाने के लिए दूसरा विकल्प उल्हासनगर कैम्प 3 शांतिनगर से वालधुनी ब्रिज व कल्याण की तरफ जाने वाली मुख्य ब्रिज पर भी यही हालत है. यहां रास्ते का काम शुरू होने से ब्रिज से लेकर कल्याण चौक का रास्ता जाम होता है। स्थानीय निवासी इस ट्रैफिक जाम को सुलझाने के लिए खड़े होते हैं. बावजूद यहां पर ट्रैफिक जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है।

### सांसद शिंदे से है लोगों को उम्मीद



कल्याण जाने के लिए उल्हासनगरवासियों को कोई भी विकल्प न होने के कारण कल्याण और उल्हासनगर निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 5 मिनट के सफर को 30 से 45 मिनट में तय करना पड़ता है। ऐसे में उल्हासनगर व कल्याण वासियों ने सांसद शिंदे से मांग की है कि कल्याण जाने से लिए उल्हासनगर, अंबरनाथ व बदलापुर वासियों के लिए विकल्प होना चाहिए ताकि उन्हें रेलवे स्टेशन, न्यायालय, स्कूल व मुंबई की ओर जाने में परेशानी न हो। कई छात्रों को भारी परेशानी होती है।

## अंबरनाथ में लोगों का जीना हुआ मुश्किल

- लाईट, पानी, कचरे की समस्या से शहरवासी परेशान

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में लोगों का जीना अब मुश्किल से मुश्किल होता जा रहा है. एक ओर जहां लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं तो दूसरी ओर बिजली की आंखमिचौली से लोग परेशान हैं. शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर 2 से 3 दिन तक लगा रहने से शहरवासियों का स्वास्थ्य खतरे में आ गया है. जहां देखो वहां गंदगी ही गंदगी है. नागरिकों का कहना है कि हम नपा को गृह कर भरते हैं, फिर हमें नपा प्रशासन सुविधाएं क्यों नहीं दे रहा है. लाइट का बिल अगर एक महिना नहीं भरो, तो कर्जा वसूल करने वालों की तरह घर पर महावितरण के कर्मचारी आ जाते हैं और बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देते हैं. लोगों को शहर में 2-2 दिन तक पानी नहीं मिल रहा है. मजीप्रा के शून्य नियोजन के कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है. कुछ परिसर में पानी का दबाव इतना कम है कि पानी पंप के बिना नलों में नहीं आता. जब पानी का समय होता है, तब महावितरण लाईट बंद कर देता है. जिसके कारण लोगों को पानी नहीं मिल पाता. इन सब परेशानियों से शहरवासी जूझ रहे हैं. नपा चुनाव नहीं हो रहे हैं. इसलिए नगरसेवक के इच्छुक उम्मीदवारों ने लोगों की सुविधाओं, उनकी समस्याओं को लेकर काम बंद कर दिया है. इस तरह लोग शहर में लाईट, पानी और कचरे की समस्या से कई वर्षों से जूझ रहे हैं. उनका अब अंबरनाथ में जीना मुश्किल हो गया है.

**कचरा फेंकने के विवाद को लेकर**

## पिता-पुत्र ने किया युवक पर हमला



- आजाद नगर इलाके की घटना
- हमले के बाद दोनों आरोपी फरार
- उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** आजाद नगर में बजरंग क्लीनिक के पास 27 जून की रात 9.15 बजे के करीब एक पिता-पुत्र ने मिलकर एक युवक पर हमला कर दिया. युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है. दोनों आरोपी पिता पुत्र फरार हैं.

मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले उल्हासनगर कैंप 2 आजाद नगर इलाके में कूड़ा कचरा डालने को लेकर अमर सिंह यादव और नितेश गुप्ता के बीच बहस हो गई थी. इसी विवाद से नाराज होकर नितेश और उसके पिता प्रभु गुप्ता दोनों ने साजिश रचकर अमर सिंह यादव पर हमला किया. घायल अमर ि संह यादव एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस मामले में प्रभु गुप्ता और उनके बेटे नितेश गुप्ता के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. दोनों आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है.

## कल्याण पूर्व में युवक की निर्मम हत्या

- सौ फुट रोड इलाके की घटना
- फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस
- परिसर में दहशत का माहौल

**कल्याण.** सोमवार की शाम कल्याण पूर्व में सरेआम बीच सड़क पर एक युवक की धारदार हथियार से मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना के वक्त सड़क पर सैकड़ों लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने उस युवक को बचाने की जुर्रत नहीं की। वाक्या कोलसेवाड़ी थाना क्षेत्र के 100 फुटी रोड़ की है।

द्वारलीपाड़ा का रहने वाला 26 वर्षीय संदीप नंदू राठौड़ अपने मित्र के साथ बाइक पर सवार होकर घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान जिया वाइन्स के सामने 5 अज्ञात हमलावरों ने चॉपर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार संदीप घर जाने के पहले जिया वाइन्स नामक दुकान से बीयर खरीदा और अपने दोस्त की बाइक पर बैठकर घर की तरफ जा ही रहा था कि हमलावरों ने चॉपर से उसके सिर, कंधा, पीठ और पेट में बेरहमी से कई वार किए, जिससे संदीप की मौत हो गई।



फिलहाल इस मामले में कल्याण की कोलसेवाड़ी पुलिस 5 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आसपास में लगे सीसीटीवी के माध्यम से हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। बतादें कि 100 फुटी रोड़ यह भीड़भाड़ वाला परिसर है, जहां शाम के समय लोगों की काफी चहल-पहल रहती है। वहां इस तरह सरेआम हुई वारदात के बाद लोगों में दहशत का माहौल साफ तौर पर देखा जा सकता है। हत्या की वजह का खुलासा नही हो सका है. कोलसेवाड़ी पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है.

## मालशेज घाट पर बनेगी पैनोरमिक ग्लास गैलरी

- पर्यटकों के लिए आकर्षण साबित होगी
- विधायक कथोरे के सफल प्रयास
- विधानमंडल में प्रस्ताव को मंजूरी

**कल्याण.** मुरबाड विधानसभा के विधायक किसन कथोरे पर्यटन के लिए और इस प्राकृतिक उत्कृष्ट कृति का स्वाद लेने के लिए, सह्याद्रि की गोद में प्रकृति से समृद्ध मालशेज घाट पर एक मनोरम ग्लास गैलरी स्थापित करने के इच्छुक थे और अब ये कोशिशें सफल हो गई हैं, विधानमंडल सत्र के बजट में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी गई है. ठाणे जिले के मालशेज घाट पर साल के बारह महीने बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ग्लास पैनोरमिक गैलरी परियोजना, जो इन पर्यटकों के लिए एक आकर्षण साबित होगी। उसे इस वर्ष के विधानमंडल में प्रस्तुत बजट प्रस्ताव में मंजूरी दे दी गई है। अब मालशेज घाट में इस ग्लास स्काई वॉक के निर्माण पर जोर दिया जाएगा, इसलिए मुरबाड तालुका पर्यटकों के लिए एक तोहफा होगा। साथ ही पर्यटन व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा. मालशेज घाट पर चीन की पैनोरमिक ग्लास गैलरी की तर्ज पर भव्य ग्लास गैलरी बनाने का प्रस्ताव विधायक किसन कथोरे ने प्रस्तुत किया.



### आकर्षित होंगे पर्यटक

राज्य में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मालशेज घाट पर ग्लास पैनोरमिक गैलरी की परियोजना लाभकारी होगी। यह भारत का पहला प्रोजेक्ट होगा. विधायक किसन कथोरे ने कहा कि मालशेज घाट पर बड़ी संख्या में पर्यटक आकर्षित होंगे और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## न्यू इंग्लिश स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज हो

**उल्हासनगर.** राष्ट्रवादी विद्यार्थी काँग्रेस के जिल्हा अध्यक्ष नरेश गायकवाड़ ने मनपा आयुक्त से शिकायत की है कि उल्हासनगर कैंप 5 में न्यू इंग्लिश स्कूल के संस्थापक ने छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करते हुए मोबाइल टॉवर लगाने की अनुमति है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य को खतरा पैदा होग गया है. गायकवाड़ ने मनपा आयुक्त से न्यू इंग्लिश स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है.

अपने बयान में उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानदंडों के अनुसार स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों से कम से कम 100 मीटर की दूरी तक मोबाइल टावर लगाने पर प्रतिबंध है. हालाँकि, इन सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए, पिछले आठ से दस वर्षों से नेताजी चौक, कैंप 5 स्थित एक व्यावसायिक इमारत, साई ऑर्चर्ड पर टावरों का एक नेटवर्क खड़ा किया गया है।

इस बीच, न्यू इंग्लिश स्कूल के संस्थापक, प्रकाश गुरनानी, करण प्रकाश गुरनानी और ज्योति प्रकाश गुरनानी को उक्त टॉवर के निर्माण के बारे में पता था, लेकिन उन्होंने साईं ऑर्चर्ड भवन पर एक लकड़ी की चादर का शेड बनाया और उस स्थान पर छात्रों के लिए कक्षाएं शुरू कर दीं। टॉवर से सिर्फ दो फीट की दूरी पर ये कक्षाएं पिछले दस वर्षों से चल रही हैं और ये संस्थापक छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

इस बीच, नरेश गायकवाड़ ने आयुक्त को दिए एक बयान में मांग की है कि मनपा साई ऑर्चर्ड बिल्डिंग पर लगे मोबाइल टावर और बांस शीट शेड के खिलाफ कार्रवाई करे और प्रकाश गुरनानी और उनके सहयोगियों के खिलाफ एमआरटीपी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करे.

000

## कल्याण-डोंबिवली की सड़कों पर पड़ने लगे गड्ढे

- शीघ्र मरम्मत की हो रही मांग

**कल्याण.** गत सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के कारण कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका सीमा में सड़कों पर गड्ढे बनने लगे हैं. यात्रियों की मांग है कि गड्ढे बड़े होने से पहले मनपा प्रशासन इन सड़कों की मरम्मत कराए। हालाँकि मनपा सीमा के भीतर कुछ सड़कें सीमेंट कंक्रीट से बनी हैं, फिर भी कुछ सड़कें अभी भी डामर से बनी हैं। इन डामर सड़कों पर महानगर पालिका के ठेकेदारों ने अप्रैल व मई माह में तारकोल डालकर, गड्ढे भरकर सड़क को अच्छी हालत में बना दिया है।

लगातार वाहनों के आवागमन और लगातार बारिश के कारण इन पक्की सड़कों पर डामर की परत घिस गई है। कई जगहों पर इन सड़कों पर छोटे-छोटे गड्ढे बड़े होने लगे हैं क्योंकि इन गड्ढों में वाहन टकराते रहते हैं। डामर सड़क की ऊपरी परत हटने से फिसलन भरी सड़क बन गई है। इस फिसलन भरी ढलान पर आए दिन दुपहिया वाहन गिर रहे हैं। कुछ स्थानों पर सड़क की डामर परत हटने से सड़क पर बारीक बजरी फैल गई है। यह छोटी बजरी पैदल चलने वालों और बाइक सवारों के लिए परेशानी का सबब बन रही है।

कल्याण पूर्व के पुणे लिंक रोड पर गड्ढे पड़ने शुरू हो गए हैं। ठाकुर्ली पूर्व रेलवे स्टेशन के हनुमान मंदिर चोलेगांव के पास सड़क खराब होने लगी है. डोंबिवली पूर्व और पश्चिम में डामर की सड़कों पर गड्ढे पड़ने शुरू हो गए हैं.

सड़कों पर गड्ढे होने पर संबंधित सड़क नियंत्रक ठेकेदारों को बारिश की आशंका में गड्ढों को तत्काल बजरी मिश्रित कंक्रीट या बजरी मिश्रित डामर से भरने के निर्देश दिये गये हैं. इस मामले में नुकसान पहुंचाने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई की जायेगी.

## हाजीमलंग में फ्युनिक्युलर का ट्रायल रन शुरू

- एक साथ 80 श्रद्धालु जा पाएंगे हाजीमलंग

**कल्याण.** हाजीमलंग में फ्युनिक्युलर ट्रेन के कार्य में तेजी आ गई है। एक कोच के सफल ट्रायल के बाद दूसरे कोच को भी फ्युनिक्युलर ट्रैक पर लगा दिया गया है और इसका ट्रायल रन शुरू हो गया है. अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हाजीमलंग का फ्युनिक्युलर जल्द ही भक्तों की सेवा में शामिल होगा. इसलिए चल रहे काम की तेज गति से काम जल्द पूरा होने का अनुमान है.



कल्याण के निकट हाजीमलंग तक पहुंचने में भक्तों को लगभग तीन से पांच घंटे लगते हैं। भक्तों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए, तत्कालीन विधायक किसन कथोरे ने नासिक के सप्तश्रृंगी किले की तर्ज पर हाजीमलंग में एक फ्युनिक्युलर परियोजना लाई। भूमिपूजन तत्कालीन मंत्री छगन भुजबल ने किया था। लेकिन उसके बाद काम शुरू हुआ, लेकिन विधानसभा क्षेत्रों का बंटवारा होने के बाद इस परियोजना को जन प्रतिनिधियों ने नजरअंदाज कर दिया और यह परियोजना अधूरी रह गयी.

### सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने की पहल

इसके बाद कल्याण लोकसभा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने भी समय-समय पर प्रोजेक्ट का दौरा किया और काम तुरंत पूरा करने का आदेश दिया. हालांकि इसके बावजूद वित्तीय संकट में फंसी सुप्रीम कंपनी ने अपने हाथ खड़े कर दिए. इसके बाद शिंदे सरकार के सत्ता में आते ही लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण ने इस संबंध में मंत्रालय में बैठकें कर काम शुरू कर दिया है. फिलहाल हाजीमलंग सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने का काम तेज कर दिया गया है. हालांकि इसके शुरू होने के समय और तारीख की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद है कि हाजीमलंग फ्युनिक्युलर भक्तों की सेवा में जल्द शामिल होगी. इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि मानसून खत्म होने से पहले फ्युनिक्युलर भक्तों की सेवा में शामिल हो जाएगी। लेकिन अब यह देखना अहम होगा कि दो कोच लगाकर शुरू किया गया यह परीक्षण कब पूरा होगा.

## बदलापुर, अंबरनाथ में सड़कों पर जलभराव से थमी गाड़ियों की रफ्तार

**अंबरनाथ.** एमआईडीसी का अंबरनाथ-डोंबिवली महामार्ग नदी के रूप में तब्दील हो गया है। बदलापुर, अंबरनाथ से ठाणे, मुंबई की ओर जाने वाले वाहनों को दावलपाड़ा गांव के पास भारी पानी के बीच से यात्रा करनी पड़ रही है, जिससे वाहनों की रफ्तार थम जाती है. हालाँकि, एमआईडीसी अधिकारी इस परेशानी की अनदेखी कर रहे हैं और वाहन चालकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

एमआईडीसी के ठेकेदार द्वारा उक्त क्षेत्र में पानी निकासी का उचित ध्यान नहीं रखने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. दावलपाड़ा में पेट्रोल पंप के सामने भारी मात्रा में पानी जमा होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है. इस मार्ग से बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग को दिन-प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन स्थानीय जन प्रतिनिधि भी इस गंभीर स्थिति को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे वाहन चालक हैरान हैं. ऐसे में यह देखना अहम होगा कि एमआईडीसी प्रशासन इन वाहन चालकों की समस्याओं पर कब ध्यान देता है.



जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## पश्चिम बंगाल में भीड़ का तंत्र

पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में भीड़ के बीच एक महिला और पुरुष की बुरी तरह पिटाई की घटना अराजक हो चुके लोगों और नाकाम हो चुकी सरकार का ही उदाहरण लगती है। खबरों के मुताबिक, विवाहेतर संबंधों के आरोप पर गांव में एक कथित सभा बुला कर युवा जोड़े को सजा के तौर पर सबके सामने बर्बरता से पीटा गया। एक वीडियो में भीड़ के बीच एक व्यक्ति महिला और पुरुष की जिस तरह पिटाई करता दिखता है, वह हैरान करने वाला है। वहां खड़े लगभग सभी लोग मूकदर्शक थे और कहीं भी पुलिस या प्रशासन का दखल नहीं दिख रहा था। सवाल है कि किसी व्यक्ति के व्यवहार या गतिविधि को अपराध तय करने और उसे सजा देने का अधिकार कुछ अराजक, अपराधी तत्त्वों या भीड़ को किसने दे दिया! हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने महिला और पुरुष को पीटने के मुख्य आरोपी से कोई संबंध होने से इनकार किया, मगर बताया जा रहा है कि वह शख्स इसी पार्टी का स्थानीय कार्यकर्ता है।


किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था और शासन-तंत्र की हर स्तर पर मौजूदगी के दावे वाले राज्य में हुई यह घटना जिस प्रकृति में देखी गई, उससे यही लगता है कि या तो अपराधी तत्त्वों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है या फिर उनके बीच सरकार या पुलिस का कोई खौफ नहीं है। अराजकता के आलम का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि बीते एक हफ्ते के दौरान राज्य में भीड़ द्वारा हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं।

खुद पुलिस के मुताबिक, हाल में राज्य में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या किए जाने की यह चौथी घटना है। ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल में कुछ लोगों ने खुद को न्यायालय मान लिया है और वे मनमाने तरीके से फैसला कर डालते हैं। हैरानी की बात है कि राज्य में कई जगहों पर किसी कथित 'कंगारू कोर्ट' या सभाओं में सामाजिक मसलों पर महज आरोप के बाद आनन-फानन में ऐसे फैसले सुना दिए जाते हैं, जो अराजकता का ही उदाहरण है। ऐसी किसी घटना के तूल पकड़ने के बाद पुलिस आनन-फानन में कार्रवाई करती दिखती है, लेकिन इससे पहले सरकार और उसका शासन-तंत्र कहां होता है?

# बंजर होती जमीन को हरा-भरा करने का सिर्फ एक रास्ता

पर्यावरण को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में जिस विषय पर चर्चा का आह्वान किया है, वह बंजर पड़ती जमीन और बढ़ता मरुस्थल है। पर्यावरण के मौजूदा हालात से कम से कम यह तो समझा ही जा सकता है कि अब सब कुछ हमारे नियंत्रण से बाहर जा रहा है। इस बार के ग्रीष्म काल को ही देख लीजिए, जिसने फरवरी से ही गर्मी का एहसास दिला दिया था और जून पहुंचते-पहुंचते अपना प्रचंड रूप दिखा दिया। पूरी दुनिया में औसतन तापक्रम बढ़ा है और अब प्रचंड गर्मी के दिन धीरे-धीरे बढ़ते जा रहे हैं। इस बात को राहत न मानें कि आने वाले समय में ये स्थिर हो जाएंगे। आज दुनिया में 80 प्रतिशत लोग इस गर्मी को झेल रहे हैं और ऐसे गर्म दिनों की संख्या पहले प्रतिवर्ष 27 के आसपास होती थी, लेकिन अब वर्ष में 32 दिन ऐसे होते हैं, जब गर्मी खतरे की सीमा तक पहुंच जाती है। अभी बिहार, जैसलमेर, दिल्ली में भयंकर हीटवेव की खबर आई थी, लेकिन देश के अन्य हिस्सों में भी हीटवेव ने लोगों की हालत बदतर कर दी है।

इस बढ़ती गर्मी का सबसे महत्वपूर्ण कारण तो यही है कि हमने पृथ्वी और प्रकृति के बढ़ते असंतुलन की तरफ कभी ध्यान ही नहीं दिया। दुनिया भर में एक-एक करके प्रकृति के सभी संसाधन या तो बिखर गए या फिर घटते चले गए। और इसका जिम्मेदार अगर कोई है, तो स्वयं मनुष्य ही है। हमने अपनी जीवन-शैली को कुछ इस तरह बना लिया है कि अब हम उन आवश्यकताओं से बहुत ऊपर उठ गए हैं, जो जीवन का आधार थीं। अब हमने विलासिताओं को भी



आवश्यकताओं में बदल दिया है, जिनके कारण पृथ्वी के हालात गंभीर होते चले गए। मसलन आज हमारी जीवन-शैली में बहुत बड़े बदलाव आए हैं। बढ़ता शहरीकरण और ऊर्जा की अत्यधिक खपत के कारण ग्लेशियर पिघलने लगे हैं, तो नदियां सूखने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। जमीन हो या आसमान पृथ्वी का कोई भी हिस्सा सुरक्षित नहीं बचा है। दुनिया में बढ़ते मरुस्थल की चिंता पर हम कितने गंभीर हैं, इसका पता इन आंकड़ों से चलता है। दुनिया में करीब 24 प्रतिशत भूमि अब मरुस्थलीय लक्षण दिखा रही है। मरुस्थलीय भूमि उसे कहते हैं, जहां कुछ भी पैदा होना संभव नहीं रहता और पूरी धरती लवणीय हो जाती है तथा पानी की बहुत बड़ी कमी हो जाती है। बोलीविया, चिली, पेरू जैसे देशों में 27 से 43 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीय हो चुकी है और अर्जेंटीना, मेक्सिको, प्राग की तो 50 प्रतिशत से ज्यादा भूमि बंजर पड़ चुकी है। दुनिया भर में बढ़ते ग्रासलैंड व सवाना जैसे मरुस्थल इसी ओर संकेत करते हैं कि ये भूमि उपयोगी नहीं रहीं। अपने देश में माना जाता है कि 35 फीसदी भूमि पहले ही डिग्रेड हो चुकी है और इसमें से भी 25 फीसदी बंजर बनने वाली है। ज्यादातर ऐसी भूमि उन राज्यों में है, जो संसाधनों की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, झारखंड, गुजरात, गोवा, दिल्ली और राजस्थान भी इनमें शामिल हैं। इन क्षेत्रों में 50 फीसदी से ज्यादा भूमि बंजर होने वाली है। थोड़ी राहत की बात है कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, केरल, मिजोरम जैसे राज्यों में अभी मात्र 10 प्रतिशत भूमि में ही बंजरपन दिखाई दे रहा है। जहां पहले वन होते थे, तालाब थे, या जहां प्रकृति के अन्य संसाधनों के भंडार होते थे, उन सबको अन्य उपयोगों में ले लिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक, दुनिया भर की 50 प्रतिशत भूमि को अन्य उपयोगों में लगा दिया गया है। इनमें 34 फीसदी देश अत्यधिक बदलाव की श्रेणी में हैं, जबकि 48 फीसदी देशों में मध्यम बदलाव हुआ है, और 18 फीसदी देश ही ऐसे हैं, जहां भूमि उपयोग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। दक्षिण एशिया में तो 94 प्रतिशत भूमि का उपयोग बदल चुका और यूरोप 90 फीसदी तथा अफ्रीका में यह आंकड़ा 89 प्रतिशत है।

भूमि उपयोग बदलने के कारण प्रकृति तेजी से हमारा साथ छोड़ रही है। जबसे औद्योगिक क्रांति आई, तबसे हमने 68 फीसदी वन खो दिए। आज दुनिया में मात्र 31 फीसदी वन बचे हैं। इस तरह एक व्यक्ति के हिस्से में करीब 0.68 वृक्ष ही आएंगे। अपने देश में दावा किया जाता है कि हमारे पास 23 प्रतिशत भूमि वनों से आच्छादित है। अगर इसे सही मान भी लें, तो हमारे यहां प्रति व्यक्ति के हिस्से में 0.08 भूमि है।





जहाँ भी जाइए, वहाँ एकता की खुश्बू फैलाइए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# देश में लागू हुआ नया कानून

नए तीनों कानून लागू हो गए। सरकार का कहना है कि इन कानूनों के जरिए न्याय सुनिश्चित होगा, पुराने कानूनों का बल दंड पर अधिक था। नए कानूनों से आधुनिक प्रणाली स्थापित होगी। इनमें अब घर बैठे प्राथमिकी दर्ज कराने, शून्य प्रथमिकी के तहत किसी भी थाने में शिकायत दर्ज कराने जैसी सहूलियतें दी गई हैं, जिससे लोगों का समय बचेगा और त्वरित कार्रवाई हो सकेगी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अदालतों को भी तय समय के भीतर फैसला सुनाने की बाध्यता होगी। बलात्कार, बाल यौन शोषण जैसे मामलों में जांच और सुनवाई संबंधी सख्त नियम बनाए गए हैं।

निस्संदेह, मामलों की जांच और सुनवाई में गति आएगी, तो लोगों को न्याय मिल सकेगा। मगर विपक्ष का कहना है कि इन कानूनों में कुछ ऐसी सख्त धाराएं बनाई गई हैं, जिनसे पुलिस को मनमानी का अधिकार मिलता और मानवाधिकारों के हनन का रास्ता खुलता है। खासकर आपराधिक कानूनों को लेकर व्यापक विरोध देखा जा रहा है। दरअसल, ये कानून विपक्ष की गैरमौजूदगी में और बिना किसी बहस के पारित हो गए थे, इसलिए इन पर विशद चर्चा नहीं हो पाई थी। इसलिए भी इनकी कई धाराओं को लेकर भ्रम और विवाद की गुंजाइश बनी हुई है।

सामाजिक बदलावों और जरूरतों के मुताबिक कानूनों में संशोधन और अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को समाप्त करना जरूरी होता है। इस लिहाज से औपनिवेशिक काल से चले आ रहे कानूनों की समीक्षा और उनमें बदलाव जरूरी थे। हालांकि ऐसा भी नहीं कहा जा सकता कि सारे कानून ब्रिटिश राज



के समय से जस के तस चले आ रहे थे। उनमें समय-समय पर बदलाव होते रहे हैं, जिन कानूनों की प्रासंगिकता नहीं रह गई थी, उन्हें समाप्त भी किया गया। मगर फिर भी बहुत सारे कानून बदली स्थितियों से मेल नहीं खाते थे।

पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह अपराधों की प्रकृति बदली और देश की अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने वाली गतिविधियां बढ़ी हैं, आतंकवादी संगठनों की सक्रियता बढ़ी है, उसमें कुछ सख्त कानूनों की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। मगर आपराधिक कानून बनाते समय यह ध्यान रखना भी जरूरी होता है कि उनका दुरुपयोग न होने पाए, उनके चलते सामान्य नागरिकों के मानवाधिकारों का हनन न हो। औपनिवेशिक समय के राजद्रोह कानून की जगह देशद्रोह कानून लाने की इसीलिए सबसे अधिक आलोचना हो रही है कि उससे लोगों में नागरिक अधिकारों के हनन का भय अधिक पैदा होता है। हालांकि हर नए कानून के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा तो होती ही है, होनी भी चाहिए, मगर उन पर आम सहमति बने बिना लागू किए जाने से विवाद और नाहक भय का वातावरण बनता है। जब तक आम नागरिकों में इन कानूनों को लेकर भरोसा नहीं बनेगा, विरोध के स्वर उठते रहेंगे। जब ये कानून संसद में पारित हुए थे, तब उसके एक हिस्से को लेकर ट्रक चालकों ने देशव्यापी हड़ताल की थी। अब कई जगह खुद वकील इनके विरोध में उतरने वाले हैं। कुछ राज्यों ने इनके विरोध में आवाज उठानी शुरू कर दी है। संसद में विपक्ष तो हमलावर है ही। अगर सचमुच कुछ कानूनों की वजह से समाज में व्यवस्था के बजाय अव्यवस्था पैदा होती है, तो यह किसी भी तरह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं होगी। सरकार को यह भरोसा दिलाना होगा कि ये कानून वास्तव में लोगों के लोकतांत्रिक और मानवीय अधिकारों की रक्षा करने वाले हैं।

# वो नरभक्षी आदिवासी, जो खा जाते थे इंसानों को

जरा हट के

जनजातियों के रिवाज़ आम लोगों से बिल्कुल अलग होते हैं. खासतौर पर अफ्रीकी जनजातियों की बात करें तो इनके रस्म-रिवाज़ सुनकर ही लोग दंग रह जाते हैं. पापुआ न्यू गुएना में पाई जाने वाली ऐसी ही एक जनजाति में अलग ही किस्म की परंपरा है. यहां लोग उन्हीं लोगों को खा जाते थे, जिन्हें वे बेइंतहां प्यार करते थे.

आपने शायद ही सुना हो कि कोई अपने ही परिवार के लोगों को खा जाए. हालांकि हम आपको आज जिस जनजाति के बारे में बताने जा रहे हैं, वो अपने माता-पिता को भी नहीं छोड़ते और उन्हें खा जाते थे. डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक फोर नाम की जनजाति के लोग अपनों के अंतिम संस्कार के तौर उन्हें पूरा का पूरा खा जाते थे, सिर्फ शरीर का एक हिस्सा छोड़कर, जो बेहद कड़वा होता है.



Papua New Guinea के ओकापा ज़िले में फोर नाम की जनजाति के लोग रहते हैं. 1960 के दशक तक इनके कबीले में ऐसी परंपरा थी कि वे लोग परिजनों की मौत के बाद उन्हें जलाने या दफनाने के बजाय खा जाते थे. उनके मुताबिक ये कोई घिनौना काम नहीं था बल्कि उनका कहना था कि कीड़े-मकोड़े उन्हें खाएं, इससे बेहतर वे ही उन्हें खा लेते थे. अगर कोई अपनी मौत के बाद ऐसा नहीं चाहता है, तो वो जीतेजी बता सकता था. हालांकि ज्यादातर लोग अपनी मौत के बाद अपने परिवार के द्वारा खाए जाने को अपना सम्मान मानते थे. लिंडेनबॉम नाम के एक ऑस्ट्रेलियन ने बताया कि फोर लोग मरे हुए शख्स की पूरी बॉडी खा जाते हैं, लेकिन एक हिस्से को छोड़ देते हैं. इसकी वजह ये है कि ये हिस्सा काफी कड़वा होता है. शरीर के अंदर मौजूद पित्त की थैली या गॉलब्लैडर इतना कड़वा होता है कि नरभक्षी जनजाति के लोग भी इसे छोड़ देते हैं. हां, महिलाओं की मौत के बाद उन्हें सिर्फ घर की महिलाएं ही खा सकती हैं. लिंडेनबॉम अध्ययन के दौरान 1960-70 के दशक में उनके साथ रहीं और उन्होंने काफी हद तक लोगों को इस परंपरा से दूर करने में सफलता भी पाई.




# खमन ढोकला

**सामग्री :**

- 1 कप बेसन
- 1 चम्मच चीनी
- 1 चम्मच नमक
- 1 बड़ा चम्मच रिफाइंड तेल
- 1 चम्मच सरसों के बीज
- 3/4 कप पानी
- 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस
- 3/4 चम्मच बेकिंग सोडा
- 15 करी पत्ते
- गार्निशिंग के लिए
- 4 कटी हुई हरी मिर्च
- 1 चम्मच नारियल पाउडर
- 1 मुट्ठी धनिया पत्ती

**विधि :**

एक बड़ा मिश्रण का कटोरा लें और उसमें बेसन, नमक, पानी, नींबू का रस और बेकिंग सोडा मिलाएं. इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिला लीजिए. बैटर को 1-2 घंटे तक खमीर उठने दें. इसी बीच एक स्टीमर में उबला हुआ पानी डालें और बर्तन को तेल से चिकना कर लें.



ढोकला बैटर को चिकने बर्तन में डालें और धीमी आंच पर स्टीमर में 15-20 मिनट तक पकाएं. 15 मिनट बाद चाकू को ढोकले के अन्दर डाल कर चेक कीजिये. अगर चाकू साफ निकले तो उसे आंच से उतार लें. डिश को ठंडा होने दें और फिर चौकोर टुकड़ों में काट लें.

तड़के के लिए, मध्यम आंच पर एक पैन में तेल डालकर गर्म करें. जब तेल पर्याप्त गर्म हो जाए तो इसमें सरसों के बीज, करी पत्ता और खड़ी कटी हुई हरी मिर्च डालें. पैन में 1/2 कप पानी डालें और उबलने दें. 2-3 उबाल आने पर आंच धीमी कर दीजिए और 1/2 नींबू निचोड़ दीजिए, चीनी और हरा धनियां डाल दीजिए. अगर आप अधिक मात्रा में मसाला पसंद करते हैं, तो आप कुछ बारीक कटी हुई हरी मिर्च भी डाल सकते हैं.

आंच बंद कर दें और तड़के को ढोकले पर डालें और डिश के ऊपर नारियल का पाउडर छिड़कें. डिश को एक प्लेट में निकाल लें और अपनी पसंद की किसी भी मसालेदार चटनी जैसे हरे धनिये की चटनी के साथ परोसें.


# मानसून में खान-पान को लेकर बरतें सावधानी

## वरना हो सकती है फूड पॉइजनिंग

### इन बातों का रखें ध्यान

देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून की शुरुआत हो चुकी है। ये मौसम भीषण गर्मी से राहत दिलाने वाला माना जाता है, पर मानसून अपने साथ कई प्रकार की बीमारियों को लेकर भी आता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसून के दौरान सेहत के लेकर विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। क्या खाएं-क्या नहीं इस बात को लेकर अलर्ट रहने की जरूरत है। खान-पान में बरती गई असावधानी फूड पॉइजनिंग जैसी पाचन से संबंधित दिक्कतों का कारण बन सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मानसून के दिनों में डायरिया, कब्ज और अपच जैसी पाचन स्वास्थ्य से संबंधित जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। फूड पॉइजनिंग से बचाव को लेकर उपाय करते रहना जरूरी है।



आइए जानते हैं, मानसून में पाचन संबंधित समस्याएं क्यों बढ़ जाती हैं और इसस बचाव के लिए आहार संबंधित किन बातों पर ध्यान देना जरूरी है।

### मानसून में फूड पॉइजनिंग का खतरा

फूड पॉइजनिंग बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी से दूषित खाद्य या पेय पदार्थों के कारण होने वाली समस्या है। आहार विशेषज्ञ गरिमा चावला बताती हैं, गर्मियों से लेकर मानसून तक का समय कई प्रकार के संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ाने वाला माना जाता है। इस दौरान खाद्य जनित संक्रमण का जोखिम सबसे अधिक देखा जाता है जिसके कारण फूड पॉइजनिंग हो सकती है। मानसून के दौरान खुले में या लंबे समय तक रखे गए भोजन में हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस पनपने लगते हैं जिससे पाचन स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कतों का खतरा हो सकता है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

दिल्ली स्थित एक अस्पताल में सीनियर कंसल्टेंट डॉ अमित सिंह बताते हैं, बरसात के दिनों में सब्जियों-फलों को अच्छी तरह से धोकर और साफ करके ही खाना चाहिए। मानसून में बाहर खाने-पीने से बचना चाहिए। स्ट्रीट फूड, ज्यादा तेल वाली चीजें पाचन स्वास्थ्य के लिए समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

**आइए जानते हैं कि मानसून के दिनों में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं?**

### मानसून में क्या खाना चाहिए?

- मानसून के दौरान कुछ चीजों को आहार में शामिल करना लाभकारी हो सकता है।
- **आहार में प्रोबायोटिक्स शामिल करें:** दही, छाछ जैसी चीजों का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। प्रोबायोटिक्स वाली चीजें गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देती हैं जिससे हमारा पाचन तंत्र ठीक रहता है।
- **हाइड्रेशन जरूरी:** पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है।
- पाचन संबंधित समस्याओं और विषाक्तता से बचे रहने के लिए उबाल कर ठंडा करके पानी पिएं।

### क्या नहीं खाना चाहिए?

- मानसून के दौरान होने वाली समस्याओं से बचे रहने के लिए कच्ची सब्जियां खाने से बचें। कच्ची सब्जियों के बजाय उबली हुई या अच्छे से पकाकर ही सब्जियां खाएं।
- पत्तेदार साग खाने से भी इस मौसम में बचा जाना चाहिए। पत्तियों के बीच नमी के कारण इनमें विषाणुओं के पनपने का खतरा रहता है। साग खाने से बचना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष :** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**वृषभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मिथुन :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क :** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कन्या :** धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी।

**तुला :** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। शत्रु परास्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक :** आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु :** भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर :** आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ :** पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। घर में तनाव रह सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो लुक का रखें खास ध्यान

नौकरी पाने के लिए इंटरव्यू क्लीयर करना बेहद जरूरी होता है। इंटरव्यू क्लीयर करने के लिए लोग काफी-काफी समय पहले से तैयारी करते हैं, लेकिन फिर भी कई बार वो इसे पास नहीं करत पाते। बहुत से लोगों को ये समझ नहीं आता है कि उनका सिलेक्शन क्यों नहीं हुआ। ऐसे में आपको बता दें कि इंटरव्यू के लिए पढ़ाई करने के साथ-साथ आपको अपने लुक पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

### भूलकर भी न पहनें ऐसे कपड़े

इंटरव्यू में अच्छा दिखना काफी जरूरी होता है। आपके पहनावे से ही सामने वाले पर आपका पहला इंप्रेशन पड़ता है, जिससे वो आपको जज करते हैं। हर इंटरव्यू में आपकी डिग्री और पढ़ाई के साथ-साथ आपकी पर्सनैलिटी को भी देखा जाता है।

बहुत से लोग तो इस बिना सोचे-समझे ऐसी फैशन मिस्टेक कर देते हैं, जिनकी वजह से उनका चयन नहीं हो पाता। अगर आप भी कहीं इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो अपने लुक का ध्यान रखें। इंटरव्यू में कैसे कपड़े पहनने चाहिए, इस बात को समझने से आपकी बड़ी परेशानी हल हो सकती है।

### फॉर्मल कपड़े पहने

पुरुषों को कोट-पैंट, अच्छी क्वालिटी की शर्ट और टाई इंटरव्यू के वक्त पहननी चाहिए। वहीं महिलाओं को भी फॉर्मल कपड़े ही पहनने चाहिए। अगर आप पैंट और शर्ट नहीं पहनना चाहती तो सूट भी कैरी कर सकती हैं।

### कपड़े होने चाहिए साफ

आप जो भी कपड़े पहनें वो अच्छी तरह से साफ और अच्छे से प्रेस किए हुए होने चाहिए। दाग वाले और सिलवटों वाले कपड़े आपकी छवि को पहली बार में ही खराब कर सकते हैं।


### रंग का रखें ध्यान

इंटरव्यू के दौरान गहरे रंग जैसे नेवी ब्लू, काला, ग्रे, या हल्का नीला, सादे और शालीन लगते हैं। आप इन्हीं रंगों का आउटफिट पहनें। अगर डार्क रंग नहीं पसंद तो एक दम लाइट शेड के कपड़ों का चयन भी कर सकते हैं।

### ऐसे कपड़ों से रहें दूर

इंटरव्यू के दौरान गलती से भी बहुत अधिक चमकदार रंग के कपड़े नहीं पहनें। ये देखने में काफी अजीब लगते हैं। रंगों का ध्यान रखने के साथ-साथ ये भी ध्यान रखें कि ज्यादा कैजुअल कपड़ों में इंटरव्यू देने न जाएं। जींस, टी-शर्ट, स्नीकर आदि न पहनें। बहुत टाइट या ओवर साइज कपड़ों से भी दूरी बनाकर रखें।





### इन बातों का भी रखें ध्यान

इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो ध्यान रखें कि आपके बाल अच्छे से बने हों। पुरुष खासतौर अपनी दाढ़ी का ध्यान रखें कि आपकी दाढ़ी सही से कटी हो। इसके साथ ही नाखून साफ और अच्छे से कटे हुए हों। महिलाएं ध्यान रखें कि उनका मेकअप हल्का हो।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी में गाय को बचाने में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, भीषण हादसे में 3 दोस्तों की मौत

**आगरा.** आगरा के बाह थाना क्षेत्र में बिजकौली के पास सोमवार रात तेज रफ्तार कार गोवंश को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक एक ही गांव के थे। बाह थाना क्षेत्र के पुरा नीमडांडा गांव के तीन दोस्त विपिन की कार से सोमवार रात करीब 9.30 बजे बटेश्वर की तरफ से लौट रहे थे। बिजकौली के पास तेज रफ्तार कार गोवंश को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई। गाड़ी संभलती, लेकिन इससे पहले ही वो नीम के पेड़ से जाकर टकरा गई। ग्रामीणों ने कार चला रहे विपिन पुत्र सुरेश (25), सूरज पुत्र मुन्नालाल (22) तथा श्यामसुंदर पुत्र रामौतार निवासीगण पुरा नीमडांडा को बाहर निकाला। हादसे के तुरंत बाद सूरज और श्याम सुंदर की मौत हो गई थी जबकि विपिन की मौत अस्पताल ले जाते वक्त हुई.

### पत्नी को गंगा में डूबते देख पति ने हथियार से काटी अपनी गर्दन, 6 महीने पहले ही की थी लव मैरिज

**कानपुर.** कानपुर में सरसौल के महाराजपुर में सोमवार को घरेलू कलह से तंग आकर महिला ने गंगा में कूदकर जान दे दी। वहीं पीछे से दौड़ता आए पति ने पत्नी को गंगा में डूबते देखा तो उसने धारदार हथियार से अपनी गर्दन काट ली। दंपति ने छह महीने पहले ही प्रेम विवाह किया था। महाराजपुर के किशनपुर गांव निवासी सुमेंद्र ने जनवरी 2024 में रूपा नाम की युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही दोनों में किसी न किसी बात को लेकर अनबन होती थी। सोमवार देर शाम दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद रूपा गंगा घाट में जाकर गंगा में कूद गई। उसके पीछे आए पति सुमेंद्र ने पत्नी को डूबता देख खुद की गर्दन धारदार हथियार से काट ली। घटना देख अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को गंगा से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं गंभीर रूप से घायल सुमेंद्र का हैलट में उपचार चल रहा है।

### जयाप्रदा पर दर्ज केस में फैसला 11 को

**रामपुर.** पूर्व सांसद एवं सिने तारिका जयाप्रदा नाहटा के खिलाफ दर्ज आचार संहिता के मामले में सोमवार को बहस पूरी हो गई। अदालत ने केस पर फैसले के लिए 11 जुलाई की तारीख तय की है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने विवेचना चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत कर दी थी। इस केस की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। सोमवार को केस में अंतिम बहस थी। अधिवक्ता अरुण प्रकाश सक्सेना द्वारा अंतिम बहस की गई।

### राहुल गांधी को मानहानि मामले में राहत

**सुल्तानपुर.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट से थोड़ी राहत मिल गई है। अदालत ने राहुल गांधी को हाजिर होने का आदेश दिया था। संसद में व्यस्त होने का हवाला देते हुए राहुल के वकील ने हाजिरी माफी मांगी। अदालत ने इसे स्वीकार करते हुए 26 जुलाई को राहुल गांधी को पेश होने का आदेश दिया है। अदालत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में सुनवाई कर रही है। कर्नाटक में दिए गए बयान पर यहां सुनवाई हो रही है। गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने इसकी पुष्टि की है। अदालत ने पिछले सप्ताह की सुनवाई में राहुल गांधी को दो जुलाई को पेश होने के लिए कहा था।

# 'बच्चे का मन बहलाया जा रहा'

## PM मोदी का राहुल गांधी पर तीखा तंज



**नई दिल्ली.** लोकसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मुझे कुछ लोगों की छटपटाहट समझ में आती है। खासतौर पर ऐसे लोग जो लगातार तीसरी बार बुरी तरह से हारे हैं। हमें दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में जनता ने फिर से चुना है और सेवा करने का मौका दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने अपने 10 सालों के कार्यकाल में गरीबों के हित में काम किया है। सबका साथ और सबका विकास की नीति को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमने सर्वधर्म समभाव के विचार को लेते हुए तुष्टिकरण नहीं किया है बल्कि संतुष्टिकरण किया है।

उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण ने इस देश को तबाह किया है। इसलिए हमने सभी से न्याय और किसी का भी तुष्टिकरण नहीं की नीति को अपनाया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन नीतियों पर जनता ने मुहर लगाई है। इसीलिए फिर से एक बार देशवासियों की सेवा का मौका मिला है। इस चुनाव ने साबित किया है कि भारत की जनता कितनी परिपक्व है और कितने विवेकपूर्ण तरीके से फैसला करती है। इसी का नतीजा है कि आज तीसरी बार हम आपके सामने हैं और विनम्रता से सेवा के लिए उपस्थित हुए हैं।

इससे पहले सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों और अग्निपथ भर्ती स्कीम को लेकर सरकार पर हमला बोला था। इसके अलावा उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए कहा था कि खुद को हिंदू कहने वाले लोग हिंसा-हिंसा की बात करते हैं, जबकि भगवान शिव शांति का संदेश देते हैं। वह कहते हैं कि न डरो और न डराओ। राहुल गांधी के इस बयान पर पीएम नरेंद्र मोदी समेत सरकार के कई मंत्रियों ने ऐतराज जताया था।

अमित शाह का कहना था कि राहुल गांधी ने हिंदू समाज का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के अलावा महुआ मोइत्रा ने भी सोमवार को तीखा भाषण दिया था। उन्होंने कहा था कि मेरा पिछले सत्र में द्रौपदी की तरह चीरहरण किया जा रहा था, लेकिन जनता कृष्ण बन गई और मेरी लाज बचा ली। महुआ मोइत्रा ने यह भी कहा था कि एक मेरे को भाजपा संसद में आने से रोकना चाहती थी, लेकिन उसके इस बार 63 सांसद कम हो गए। आज भी लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही हंगामेदार हो सकती है।

### हिंदू कहने वाले हिंसा करते हैं...राहुल गांधी के भाषण पर चल गई कैंची

- मंगलवार की कार्यवाही अखिलेश यादव के भाषण से शुरू हुई। उन्होंने सदन में एक बार फिर से ईवीएम पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि हम यूपी की सारी 80 सीटों को जीत जाएं तो भी ईवीएम के खिलाफ रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम कभी भी सत्ता में आए तो अग्निवीर स्कीम को समाप्त करेंगे। यूपी के पूर्व सीएम ने कहा कि यह भाजपा सरकार इसलिए पेपर लीक करा रही है ताकि नौकरी ही न देनी पड़े। इसके अलावा पिछड़ों के आरक्षण का हक छीनने के लिए भी यह सरकार ऐसा कर रही है।

### हिंदुओं के अपमान के लिए माफी मांगें...भूपेंद्र चौधरी का राहुल गांधी पर बड़ा हमला

**लखनऊ.** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी ने संसद में पूरी तरह असत्य भाषण दिया। उन्होंने न केवल करोड़ों हिंदुओं का अपमान किया बल्कि अयोध्या, अग्निवीर और एमएसपी को लेकर झूठ बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव संवैधानिक प्रणाली को कमजोर करती रही है। वे मंगलवार को भाजपा राज्य मुख्यालय पर मीडिया से बात कर रहे थे। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि राहुल अब संवैधानिक पद पर हैं लेकिन उन्होंने इस पद की गरिमा को गिराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक बताया। उनको करोड़ों हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। कहा कि आपातकाल लगाने, सिखों के नरसंहार और संतों पर गोली चलवाने वाले अब अहिंसा की बात कर रहे हैं।

# हाथरस भगदड़ में अब तक 107 की मौत



**हाथरस.** यूपी के भोले बाबा के सत्संग के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 107 लोगों की मौत की खबर है। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। सौ से ज्यादा लोग गंभीर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाथरस में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। एडीजी आगरा जोन व कमिश्नर अलीगढ़ को घटना की जांच का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार हाथरस रवाना हो गए हैं।

बताया जाता है कि हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव फुलराई में भोले बाबा का प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान उम्मीद से ज्यादा भीड़ आ गई थी। एक अनुमान के अनुसार सवा लाख लोग पहुंच गए थे। इसी दौरान लोग भीड़ के कारण परेशान होने लगे। भीड़ और गर्मी के कारण लोग बेहोश होने लगे तो भगदड़ मच गई। इसमें लोग जमीन पर गिरे तो उन्हें कुचलते हुए अन्य लोग निकलने लगे। सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने सैकड़ों गंभीर लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

सीएम योगी ने हाथरस हादसे को संज्ञान में लेते हुए तुरंत अफसरों को मौके पर पहुचंने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएम योगी ने एडीजी आगरा जोन और अलीगढ़ की कमिश्नर को हादसे की संयुक्त जांच की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। सीएम का आदेश पाते ही लखनऊ से चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी के साथ ही एडीजी, कमिश्नर मौके लिए रवाना हो गए हैं। हाथरस में लोग जिस भोले बाबा के सत्संग में पहुंचे थे वह पहले सरकारी नौकरी करते थे। भोले बाबा का असली नाम नारायण साकार हरि है। बाताया जाता है कि वह एटा जिले की पटयाली तहसील के गांव बहादुर नगरी के रहने वाले हैं। उन्होंने 26 साल पहले सरकारी नौकरी छोड़कर प्रवचन शुरू किया था। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया था कि वे गुप्तचर ब्यूरो में नौकरी करते थे।


# 'अदाणी मामले में सेबी ने जिम्मेदारी से मुंह मोड़ा'

**नई दिल्ली.** सेबी ने अदाणी मामले में अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग को नोटिस भेजा था, जिसके जवाब में हिंडनबर्ग ने कहा है कि सेबी निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने की जगह धोखेबाजों को बचाने की ज्यादा कोशिश कर रही है.अमेरिकी इन्वेस्टमेंट रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की वेबसाइट पर छपे एक लेख में दावा किया गया है कि कंपनी ने जनवरी 2023 में अदाणी समूह को लेकर जो खुलासे किए थे, उनके जवाब में भारत में शेयर बाजार की नियामक संस्था सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने उसे ही एक नोटिस भेज दिया है. हिंडनबर्ग के मुताबिक, सेबी ने 27 जून 2024 को ईमेल के जरिए उसे कारण-बताओ नोटिस भेजा, जिसमें नियामक ने हिंडनबर्ग पर भारतीय नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है.

क्या हैं सेबी के आरोप नोटिस के मुताबिक, सेबी का आरोप है कि हिंडेनबर्ग और उसके एकमात्र मालिक नेथन एंडरसन ने अदाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट जारी कर जानबूझ कर समूह का नुकसान कराया और अपने एक क्लायंट मार्क किंग्डन और उनकी कंपनी का मुनाफा करवाया. आरोप यह भी है कि खुद हिंडनबर्ग ने भी इस मुनाफे में से 25 प्रतिशत हिस्सा लिया. सेबी की जांच के मुताबिक, हिंडनबर्ग ने अदाणी पर अपनी रिपोर्ट जारी करने से पहले किंग्डन को दिखाई, जिसके बाद किंग्डन ने अदाणी के शेयरों में शॉर्ट-सेलिंग की तैयारी कर ली.

# कैलास मानसरोवर दर्शन के लिए चीन जाने की टेंशन नहीं

## इंडिया की धरती से ही होगा 'शिव के घर' का दीदार



**पिथौरागढ़.** उत्तराखंड में पवित्र कैलास मानसरोवर के दर्शन के लिए अब श्रद्धालुओं को चीन नहीं जाना होगा। आगामी 15 सितंबर से श्रद्धालु भारत की धरती से ही कैलास मानसरोवर के दर्शन का लाभ ले सकेंगे। सरकारी स्तर पर इस दर्शन यात्रा की तैयारी कर ली गई है। इसके लिए शीघ्र ही यात्रा नियमावली जारी की जाएगी।

उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जनपद के चीन सीमा से सटे ओल्ड लिपुलेख से कैलास मानसरोवर के दर्शन कराने की कवायद अंतिम चरण में है। आदि कैलास और ओम पर्वत के दर्शन करते हुए श्रद्धालु नाभीढांग से करीब 12 किलोमीटर तक दूरी वाहन से तय करेंगे।

इसके बाद पवित्र कैलास पर्वत के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को समुद्र सतह से 17 हजार 500 फीट की ऊंचाई पर स्थित ओल्ड लिपुलेख से व्यू प्वाइंट पहुंचने को करीब 200 मीटर की दूरी पैदल तय करनी होगी। जहां से वे अपने आराध्य देव भगवान शिव के निवास स्थल कैलास पर्वत का विहंगम दृश्य अपनी आंखों से निहार सकेंगे।

यहां पर पूजा अर्चना, ध्यान करने का भी श्रद्धालुओं को अवसर मिलेगा। सरकारी तौर पर इस यात्रा को शुरू कराया जाएगा। कैलास पर्वत के दर्शनों के लिए यात्रियों को सुबह के समय भेजा जाएगा। वहां हवा का दबाव अधिक होने के कारण पूरे दिन दर्शन करना आसान नहीं है। सरकारी सूत्रों ने बताया, यात्रा कराने वाली एजेंसी के लिए वहां यात्रियों के लिए ऑक्सीजन की वैकल्पिक व्यवस्था भी करने की बाध्यता होगी।

# अग्निवीर के परिवार ने राहुल गांधी के दावे को बताया गलत



## बोले- हमें 1 करोड़ से ज्यादा मिला

**नई दिल्ली.** अग्निवीर को लेकर लोकसभा में किया गया राहुल गांधी का दावा गलत साबित हुआ है। जान गंवाने वाले अग्निवीर के परिवार ने कहा है कि उन्हें सरकार से 1.08 करोड़ रुपए की मदद मिली थी।

गौरतलब है कि राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में कहा था कि अग्निवीर यूज एंड थ्रो लेबर हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि सीमा पर जान गंवाने वाले अग्निवीरों की सरकार सुधि नहीं ले रही है। उस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस बात का विरोध किया था और कहा था कि यह बात पूरी तरह से गलत है।

## बताया पूरा सच

अग्निवीर अक्षय गावत के परिजन महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में पिंपलगांव सराय में रहते हैं। अक्षय गावत सियाचिन में ड्यूटी करते हुए एक अक्टूबर 2023 को अपनी जान गंवा बैठे थे। सोमवार को रिपोटर्स से बात करते हुए अक्षय के पिता लक्ष्मण गावते ने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि अक्षय की मौत पर परिवार को उसके इंश्योरेंस के 48 लाख रुपए मिले थे। इसके अलावा केंद्र सरकार ने 50 लाख रुपए और प्रदेश सरकार की तरफ से 10 लाख रुपए मिले थे। इस दौरान उन्होंने अक्षय की बहन के लिए सरकारी नौकरी की भी मांग की। गौरतलब है कि अग्निपथ योजना की घोषणा 14 जून, 2022 को की गई थी। इसमें 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को केवल चार साल के लिए सेना में भर्ती करने का प्रावधान किया गया था, जिनमें से 25 प्रतिशत को आगे 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है।

# बंगाल में तजमुल की मार का शिकार महिला का यूटर्न

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक महिला को सार्वजनिक रूप से पीटा जा रहा था। अब खबर है कि पीड़ित महिला ने वीडियो बनाने वाले के खिलाफ ही ऐक्शन की तैयारी कर ली है। उसका कहना है कि वीडियो बगैर मर्जी के बनाया गया। साथ ही ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मारपीट करने वाले तजमुल इस्लाम उर्फ JCB को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले की है। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि एक शख्स महिला की बुरी तरह डंडे से पिटाई कर रहा है। लाइव हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। कहा जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने वाला शख्स तजमुल है और राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक का कथित तौर पर करीबी है।

### क्या बोली महिला

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, महिला का कहना है, 'मुझे नहीं पता कि किसने वीडियो वायरल कर दिया। जिसने भी वीडियो वायरल किया है, उसके खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करा दी गई है। किसी ने बगैर मेरी इजाजत के वीडियो वायरल किया है। मैं पुलिस से अपील करती हूं कि ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। मुझे पुलिस पर पूरा भरोसा है।'

# भारत ने विमेंस टेस्ट में साउथ अफ्रीका को हराया

## 10 विकेट लेने वाली स्नेह राणा प्लेयर ऑफ द मैच




भारत की मेंस टीम ने शनिवार को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर टाइटल जीतने के बाद भारत की महिला टीम ने भी साउथ अफ्रीका के ही खिलाफ एकमात्र टेस्ट में पहले दिन से ही पकड़ बनाकर रखी थी।

नतीजा यह हुआ कि अफ्रीकी टीम चौथे दिन ढेर हो गई और भारत ने यह टेस्ट 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। यह महिला टेस्ट में सिर्फ सातवां मौका है, जब किसी टीम को 10 विकेट से जीत मिली है। भारतीय टीम दूसरी बार इस अंतर से जीती और दोनों ही बार अफ्रीका के खिलाफ। इससे पहले, भारत ने साल 2002 में साउथ अफ्रीका को 10 विकेट से शिकस्त दी थी। मैच में 10 विकेट लेने बाली ऑफ स्पिनर स्नेह राणा प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

### मैच का हाल

भारत ने चेन्नई में खेले गए मैच के दूसरे दिन शनिवार को 603/6 का स्कोर बनाकर अपनी पहली पारी घोषित की थी। फिर अफ्रीका को उसकी पहली पारी में 266 रन पर समेटकर फॉलो-ऑन खेलने के लिए मजबूर किया था। अफ्रीका ने सोमवार को दूसरी पारी में 232/2 से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान लॉरा वॉल्वॉर्ट 122 रन बनाकर आउट हुईं। नदीने डि क्लार्क ने 61 रन बनाए।

अफ्रीका की दूसरी पारी 373 रन पर खत्म हुई और भारत को 37 रन का लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया।

## उल्हासनगर महानगरपालिका, मालमत्ता कर विभाग

ULHASASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION, PROPERTY TAX DEPT.

मुख्य कार्यालय, तळमजला, उल्हासनगर-421003 जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र

Head Office, Ground Floor, Ulhasangar-421 003 Dist Thane, Maharashtra

Tel No:- 15251-2720116/125 Ext. N0. 238 Fax No:- 95251-2720104

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र./उमपा/करवि/यु.8/26/2024
दिनांक 01/07/2024

(महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियामातील कलम 128, 496 चे परिशिष्ट 2 (3) व अनुसूची 'ड' प्रकरण 8 (कराधान नियम) 42,45 व 47 अन्वये मालमत्ता कराच्या थकबाकी वसुलीसाठी...)

### जाहिर लिलाव नोटीस

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील नागरिकांना जाहिर लिलाव नोटीसीने कळवण्यात येते की. खालील नमुद केलेले मालक/मालमत्ताधारक वहिवाटदार/भोगवटादार/कर देण्यास प्रथम पात्र असलेले व्यक्ती यांना कायदेशिर मुदत देऊनही त्यांनी सन 2022-2023 अखेर मालमत्ता कराची थकबाकी भरलेली नाही.

त्याअनुषंगाने स्थावर मालमत्ता जप्ती/अटकावणी करण्यात आली आहे. त्या स्थावर मालमत्ता जेथे आहे **'जसे आहे त्या स्थितीत'** जाहिर लिलावाने विक्रीकरुन थकबाकीची रक्कम वसुल करणेसाठी त्यांचा जाहिर लिलाव दिनांक 10 जुलै 2024 रोजी सकाळी 11.00 वाजता ठिकाण मालमत्ता कर विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर-3 येथे करण्यात येणार आहे. ज्या कोणास सदरहु लिलावात भाग घ्यावयाचा आहेत्यांनी वेळेवर समक्ष हजर रहावे. लिलावाच्या अटी व शती. अनामत रक्कम इ. संबंधी माहिती लिलाव सुरु होण्यापुर्वी दिली जाईल. लिलावातील मिळकतींची माहिती सुटटयांचे दिवस वगळता कार्यालयीन वेळेत मालमत्ता कर विभागात दिली जाईल.

| अ क्र. | कर देण्यास प्रथम पात्र असलेले व्यक्तीचे नाव | मिळकतीचा पत्ता | कर आकारणी पुस्तकाप्रमाणे मालमत्ता क्रमांक | बांधकाम प्रकार | अंदाजित क्षेत्रफळ (चौ.फूट) | थकबाकी रक्कम रु. | आरक्षित किमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | राधाकिशन जी. छाब्रिया | प्रभु आस्था आपार्टमेंट, ऑन ब्लॉक नं. 1779/20 पहिला मजला प्लेट नं 102. उल्हासनगर-5 | 54 आय0130 62300 | मोकळी जागा<br>आरसीसी | 38<br>619 | रु. 1,73,464/- अधिक विलंब शास्ती | रु. 22,88,227/- |
| 2. | शोभा अे. राजपूत | साई रेसिडेन्सी, प्लॅट नं. 102. ऑन बर्माक ए-990. रुम नं. 1980, केलास कॉलनी, उल्हासनगर-5 | 57डीआय020 602600 | मोकळी जागा<br>आरसीसी | 178<br>449 | रु. 1,72,545/- अधिक विलंब शास्ती | रु. 19,82,148/- |
| 3. | कुकरेजा मोहनदास सतरामदास | महादेव पैलेस, फ्लॅट नं. 301. तिसरा मजला, बरेक नं. 2103/5 ते 10 प्रभाराम मंदीर जवळ, सेक्शन-35. उल्हासनगर-5. | 55डीआय0117 90600 | आरसीसी | 435 | रु.75,275/- अधिक विलंब शास्ती | रु. 15,04,558/0 |
| 4. | छाब्रिया भगवान आलुमल | महादेव पैलेस, फ्लॅट नं. 302. तिसरा मजला, बरेक नं. 2103/5 ते 10 प्रभाराम मंदीर जवळ, सेक्शन-35. उल्हासनगर-5. | 55डीआय0117 90700 | आरसीसी | 597 | रु. 1,03,453/- अधिक विलंब शास्ती | रु. 20.63.727/- |
| 5. | पूजा कमलेश राघानी | महादेव पैलेस, फ्लॅट नं. 303. तिसरा मजला, बरेक नं. 2103/5 ते 10 प्रभाराम मंदीर जवळ, सेक्शन-35. उल्हासनगर-5. | 55डीआय0117 90800 | आरसीसी | 423 | रु. 74,486/- अधिक विलंब शास्ती | रु. 14,64,208/- |
| 6. | वाधवा दुनिचंद चोईथराम | महादेव पैलेस, फ्लॅट नं. 304. तिसरा मजला, बरेक नं. 2103/5 ते 10 प्रभाराम मंदीर जवळ, सेक्शन-35. उल्हासनगर-5. | 55डीआय0117 90900 | आरसीसी | 561 | रु. 66,008/- अधिक विलंब शास्ती | रु.19,39,788/- |
| 7. | रमेश उद्धवदास वाधवा | महादेव पैलेस, फ्लॅट नं. 305. तिसरा मजला, बरेक नं. 2103/5 ते 10 प्रभाराम मंदीर जवळ, सेक्शन-35. उल्हासनगर-5. | 55डीआय0117 91000 | आरसीसी | 454 | रु. 75,354/- अधिक विलंब शास्ती | रु. 15,70,854/- |

लिलावात कोणीही भाग घेतला नाही तर, नाममात्र बोली बोलुन स्थावर मालमत्ता खरेदी कब्जा घेण्याचा अगर तहकुब करण्याचा अधिकार महानगरपालिकेने राखून ठेवला आहे.

तसेच शहरातील नागरिकांना कळविण्यात येते की, वर नमुद केलेल्या स्थावर मालमत्तासंबंधी कोणत्याही व्यक्तीने गहाण. दान, ताबे गहाण अगर अन्य मार्गाने कोणतेही व्यवहार केल्यास ते बेकायदेशिर ठरतील. तसेच ज्या वित्तीय संस्थानी व अन्य संस्थानी गहाण, दान, ताबेगहाण, हस्तांतरण अगर व्यवहार केला असल्यास उल्हासनगर महानगरपालिका मालमत्ता कर भरण्याची जबाबदारी संबंधितांवर राहील. सदरची यादी महानगरपालिका www.umc.gov.in या संकेतस्थावर उपलब्ध आहे. तसेच सदर नोटीस खर्च रक्कम रू. 3000/- (अक्षरी रक्कम रु तीन हजार मात्र) संबंधीत मिळकतधारकांचे मालमत्ता कर बिज्ञात समाविष्ट करुन वसूल करणेत येईल.

**जा.क्र. उमपा/पीआरओ/233/2028**
**दि. 2.7.2024**

**सही/-**
**(अजिज शेख)**
प्रशासक तथा आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### बस की टक्कर से युवती घायल

**भिवंडी.** कल्याण नाका पर एसटी बस ड्राइवर ने एक 16 वर्षीय युवती को टक्कर मार दी. भिवंडी शहर पुलिस ने शिकायत के बाद बस ड्राइवर नाना साहेब शिवाजी थेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. पुलिस के अनुसार राजू गणपत कांबले अपने 16 वर्षीय लड़की आर्या के साथ कल्याण नाका पर बस के इंतजार में खड़े थे. बस ड्राइवर बस स्टाप तक तेज गति से बस लाया जिससे बस स्टॉप पर खड़ी आर्या कांबले को आगे बोनट से टक्कर लगने से जख्मी हो गई. शहर पुलिस ने बस ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है.

# दानवे विधानसभा से 5 दिन के लिए निलंबित

- **हंगामे की वजह से कार्यवाही बाधित**

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधान परिषद की कार्यवाही तीन बार मंगलवार को स्थगित की गई। भाजपा सदस्य प्रवीण दारेककर ने विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के बीते रोज अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई थी। इस मुद्दे पर चर्चा करने की मांग की थी। लेकिन स्थिति अराजक होने के कारण कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष के नेता अंबादास दानवे को सदन में कथित दुर्व्यवहार के कारण पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

महाराष्ट्र में विधान परिषद कार्यवाही के दौरान विपक्षी नेता अंबादास दानवे के अभ्रद भाषा का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई। भाजपा नेता का आरोप है कि विपक्षी नेता ने सदन ने राहुल गांधी के हिंदू वाली टिप्पणी पर बात करते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। भाजपा विधायक प्रसाद लाड ने सोमवार को परिषद में गांधी की टिप्पणी का मुद्दा उठाया। उन्होंने राहुल गांधी की टिप्पणी की निंदा की। साथ ही प्रस्ताव की मांग की। इस पर विपक्षी नेता अंबादास दावने प्रतिक्रिया दी।

मंगलवार को जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो



भाजपा सदस्य प्रवीण दारेककर ने विपक्षी नेता दानवे के कथित अभ्रद भाषा के प्रयोग पर चर्चा की मांग की। परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे ने दारेकेर से प्रश्नकाल पूरा होने देने का आग्रह किया। लेकिन भाजपा के दरेकर ने सदन में इस मुद्दे पर चर्चा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को विधान परिषद की पवित्रता को बनाए रखने की जरूरत है।

वहीं उपसभापति नीलम गोरहे ने कहा कि यह मामला गंभीर है, उनकी टिप्पणी के वीडियो क्लिप की समीक्षा करने और अन्य विवरण एकत्र करने के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकता है। हालांकि, दारेककर ने नरमी बरतने से मना करते हुए असहमति व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि दानवे ने न केवल सदन में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, बल्कि मीडिया से भी इस बारे में बात की। यह उनके व्यवहार की गंभीरता पर सवालिया निशान खड़ा करता है। उन्होंने बोलने के अपने अधिकार का दावा किया और सदन की कार्यवाही को बाधित करने की धमकी दी। उपसभापति ने गोरहे ने शुरू में इसे एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया। बाद में कार्यवाही फिर से शुरू होने पर, इसी मुद्दे पर सदन में अराजक दृश्य देखने मिले। जिसके बाद उपसभापति ने इसे दोपहर 2 बजे तक के लिए दो बार स्थगित कर दिया। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे को सदन में कथित दुर्व्यवहार के कारण पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि सरकार जालना पुलिस से इस दावे के बारे में रिपोर्ट मांगेगी कि मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के गांव पर ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। इस पर उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो कार्यकर्ता की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। विधानसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए वडेट्टीवार ने दावा किया कि कार्यकर्ता की जान को खतरा हो सकता है। अंतरवाली सरती सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का केंद्र बन गया है। वहीं कांग्रेस नेता ने दावा किया, ₹हर किसी को विरोध करने का अधिकार है और अगर गांव पर ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है तो यह ठीक नहीं है। ग्रामीण डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जालना के पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगेगी और उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, ₹जरांगे को पहले भी सशस्त्र सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। अगर जरूरत पड़ी तो सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।₹

## एड. चिटकेन बने नागरिक बैंक के डायरेक्टर



**भिवंडी.** भिवंडी शहर के प्रख्यात अधिवक्ता व्यंकटेश चिटकेन को नागरिक सहकारी बैंक भिवंडी का निदेशक नियुक्त किया गया है.उनकी नियुक्ति बैंक चेयरमैन राजू गाजेंगी द्वारा निदेशक मंडल की मंजूरी से की गई.वे पहले भी निदेशक पद सुशोभित कर चुके हैं.निदेशक नियुक्त होने पर भाजपा विधायक महेश चौगुले,चेयरमैन राजू गाजेंगी, एवम तमाम बैंक डायरेक्टर्स सहित समाजसेवी कृष्णा गाजेंगी,भाजपा जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल,एड नाना अय्यर,मनपा पूर्व सभापति प्रदीप राका सहित बैंक के तमाम अधिकारी,कर्मचारी ने बधाई दी है.नवनियुक्त नागरिक बैंक डायरेक्टर एड व्यंकटेश चिटकेन ने नागरिक बैंक की मजबूती एवम ग्राहकों,कर्मचारियों के हित में कार्य किए जाने का भरोसा दिया है.

## रसूखदारों ने उजाड़ा गरीब का आशियाना

- **खुले आसमां के नीचे रहने को मजबूर है परिवार**
- **मनसे नेता देसाई और जोशी सहित 6 पर मामला दर्ज**

**कल्याण.** कल्याण के आधरवाड़ी में 34 सालों से रह रहे एक परिवार का आशियाना दादागिरी के दम पर उजाड़ दिया गया। आशियाना उजड़ जाने के बाद अब यह परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। हम बात कर रहे हैं, त्रिवेणी गार्डन के सामने गुरुनाथ गणपत चाल में खुद के मकान में रहने वाले रामसजीवन छोटूप्रसाद गुप्ता की, जो जेल के पास हाथ गाड़ी पर वड़ा-पाव बेचकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं।

रविवार 30 जून की दोपहर मनसे नेता कौस्तुभ देसाई और उनके सहयोगी कुणाल जोशी अपने चार-पांच साथियों के साथ रामसजीवन गुप्ता के घर पहुंचे, और उनकी पत्नी आरती को घर के बाहर बुलाकर पहले दमदाटी की, उसके बाद बुलडोजर (जेसीबी) लगाकर उनका मकान ध्वस्त कर दिया।

खुले आसमां के नीचे रह रही उस घर की मालकिन आरती गुप्ता ने बताया कि तोड़ा गया घर हमने 24 साल पहले खरीदा था, जिसे एक षडयंत्र के तहत दादागिरी के दम पर जबरन तोड़ दिया गया, ताकि उक्त जमीन पर बिल्डिंग बनाया जा सके। गुप्ता का परिवार



उस 200 चौ.फुट की मकान में 34 साल से रह रहा था। बातचीत के दौरान रामसजीवन की पत्नी आरती गुप्ता ने बताया कि सन 1990 से 2000 तक हम लोग उस घर में भाड़े पर थे। 24 साल पहले 20 जनवरी 2000 को हमने इस घर को मकान मालिक से 1 लाख 15 हजार रुपये में खरीद लिया था, जिसके रजिस्ट्रेशन की कॉपी हमारे पास मौजूद है।

### खड़कपाड़ा थाने में नामजद एफआईआर

रामसजीवन गुप्ता ने इस मामले में मनसे के रसूखदार नेता कौस्तुभ देसाई और कुणाल जोशी के अलावा उनके चार-पांच अन्य साथियों के खिलाफ खड़कपाड़ा थाने में नामजद एफआईआर किया है, जिसमें मनसे के नेता कौस्तुभ देसाई और कुणाल जोशी सहित पांच से छह लोगों का जिक्र है। साथ ही घर में रखे दस हजार नकदी और पत्नी का मंगलसूत्र चोरी किए जाने का भी आरोप है।

इस संदर्भ में विकासक एवं मनसे नेता कौस्तुभ देसाई ने कहा है कि उक्त जगह विकसित करने के लिए लिया गया है। किरायेदार खाली नहीं कर रहे थे। जबकि उन्हें पैसा भी दिया गया है। रही बात पुलिस केस की तो वह झूठा और बेबुनियाद है।

## ठाणे पुलिस आयुक्त डुंबरे ने किया महिला भरोसा कक्ष का उद्घाटन

- **पुलिस का कार्य महिलाओं की सुरक्षा व न्याय दिलाना है- आशुतोष डुंबरे**



**भिवंडी.** भिवंडी पुलिस उपायुक्त कार्यालय में ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने महिला भरोसा कक्ष का उद्घाटन किया.उन्होंने कहा कि, पुलिस का कार्य सभी नागरिकों के साथ विशेष कर महिलाओं की सुरक्षा के साथ उन्हें न्याय दिलाना है. आजकल सोशल मीडिया के इस युग में महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार की खबरें बढ़ती जा रही है.पुलिस महिलाओं की सुरक्षा व न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध है.

भिवंडी पुलिस उपायुक्त कार्यालय की दूसरी मंजिल पर ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने महिला भरोसा कक्ष, महिला तक्रार निवारण कक्षा का उद्घाटन किया. उक्त अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंजाबराव उगले व ठाणे क्राइम ब्रांच विभाग के पुलिस उपायुक्त शिवराज पाटिल व भिवंडी पुलिस उपायुक्त डॉ श्रीकांत परोपकारी के साथ अन्य पुलिस अधिकारी तथा भिवंडी शहर के गणमान्य महिला, पुरुष व पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित थे.इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर डुंबरे ने कहा कि, भिवंडी में महिलाओं की शिकायते काफी बढ़ती जा रही थी. क्योंकि महिला भरोसा कक्ष ठाणे में था इसलिए महिलाओं को आने जाने का कीमती समय तथा आर्थिक खर्च के बोझ सहन करना पड़ता था. महिलाओं को राहत दिलाने के लिए भिवंडी में महिला भरोसा कक्ष स्थापित किया गया है, ताकि महिलाओं को आसानी से समय पर न्याय मिल सके. भिवंडी पुलिस उपायुक्त डॉ श्रीकांत परोपकारी ने 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानून के संदर्भ में संक्षिप्त जानकारी दी.

## बंधुआ मजदूरी प्रथा से मुक्ति के बाद भी सरकारी प्रमाणपत्रों से वंचित हैं मजदूर

### बंधुआ मजदूरी से मुक्त महिला ने राजदंड लेकर भिवंडी तहसीलदार कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**भिवंडी.** ईंट भट्ठा पर मामूली सी मजदूरी पर कई वर्षों तक बंधुआ मजदूर की तरह काम करने के बाद मुक्ति पाने वालु 18 वर्षीय सुनील भोये को मुक्ति मिलने के बाद उन्हें तमाम सरकारी प्रमाणपत्र प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है

प्रशासन की इस लापरवाही के खिलाफ ईंट भट्ठा पर चालीस साल पहले श्रमजीव संगठन के माध्यम से मुक्त कराई गई महिला ताईबाई गायकर ने भिवंडी तहसीलदार के कार्यालय के बाहर हाथ में राजदंड लेकर इस घटना का विरोध किया है.ताईबाई ने कहा है कि जब तक सुनील भोये को जरूरी प्रमाणपत्र नहीं मिल जाता तब तक वह




अनशन नहीं समाप्त करने का संकल्प लिया है.

गौरतलब हो कि 18 साल के सुनील भोये को बंधुआ मजदूरी से श्रमजीवी संगठन के प्रयासों से भिवंडी तालुक से रिहा कराया गया। छह माह बीत जाने के बाद भी सुनील भोये को आधार कार्ड जारी नहीं किया ग या , जि स के परिणामस्वरूप उन्हें बैंक खाता खोलने में कठिनाई हो रही है.वे पुनर्वास निधि के लाभ से वंचित हैं.बंधुआ मजदूरी जैसे शोषण से मुक्ति मिलने के बाद भी सुनील भोये हाथों के लिए कोई काम नहीं मिल रहा,जिससे सुनील भोये भूखे मरने का समय आ गया है. उसके पास सरकारी दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं.40 साल पहले बंधुआ मजदूरी से मुक्ति पाने वाली ताइबाई गायकर ने पहल करते हुए भिवंडी तहसीलदार कार्यालय पहुंची.तहसीलदार अभिजीत खोले कार्यालय में नहीं थे.उसके बाद ताईबाई ने तहसीलदार कार्यालय के बाहर राजदंड लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है.

उक्त संदर्भ में निवासी तहसीलदार विशाल इंदुलकर ने कहा है कि बंधुआ मजदूरी प्रथा से मुक्ति के बाद, संबंधित मुक्त श्रमिक को तुरंत मुक्ति का प्रमाण पत्र दिया जाता है.सुनील भोये को जॉब कार्ड भी बना दिया गया लेकिन निवास प्रमाण पत्र न होने के कारण आधार कार्ड बनाने में दिक्कत आ रही है. इस संबंध में तत्काल कार्रवाई की जाएगी.

## 'प्रतापगढ़ परिवार' के स्नेह सम्मेलन में दिखा बेल्हा का जलवा

- **हर क्षेत्र की शामिल हुईं हस्तियां**

**मुंबई.** प्रतापगढ़ परिवार द्वारा मुंबई के सायन स्थिति पेनिनसुला होटल में पांचवां परिचय एवं स्नेह सम्मेलन धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। डाक्टर अमर डी.मिश्र के मार्गदर्शन एवं चंदीपुर धाम के संचालक अरुण मिश्रा के संयोजन में आयोजित इस समारोह में मुंबई, ठाणे, कल्याण, मीरा-भाईंदर, डोंबिवली,नवी मुंबई, पालघर में रहने वाले प्रतापगढ़ के सामान्य से लेकर, उद्योगपति, अफसर, साहित्यकार, पत्रकार,सभी क्षेत्र के लोगों की भारी उपस्थिति रही। इससे पूर्व प्रथम और द्वितीय सम्मेलन डाक्टर अमर मिश्र, तृतीय सम्मेलन एड्.विनय दूबे व अरविंद शुक्ला, चौथा सम्मेलन दिनेश त्रिपाठी ने संयोजित किया था।





पांचवें सम्मेलन के अध्यक्ष पूर्व आयुक्त पं. के.एस. मिश्र ने प्रतापगढ़ की तमाम विभूतियों और गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तार से उल्लेख किया। मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से पधारे आईएएस योगेश मिश्र, पं. बृजेश पांडेय ने प्रतापगढ़ की समस्याओं का जिक्र किया,साथ ही मुंबई तथा उपनगरों में रहने वाले बहुत सारे अन्य प्रतिष्ठित लोगों को भी जोड़ने का आवाहन किया।

मंच से एड्.बद्रीप्रसाद पांडेय ,विजय पंडित, पंकज मिश्र, वी.के. मिश्र, एडवोकेट रमेश त्रिपाठी, सुनील दामोदर दूबे ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। डाक्टर अमर मिश्र ने प्रतापगढ़ परिवार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तो समारोह के मुख्य संयोजक अरुण मिश्र ने चंदीपुर धाम और अपनी स्वर्गीय माता को याद कर भावुक विचार व्यक्त किया। समारोह का संचालन हास्य कवि सुरेश ने किया और उन्होंने अपनी कविताओं से श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। इससे पहले दीपक सुहाना और मुकेश त्रिपाठी की टीम ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। पांचवें सम्मेलन में प्रतापगढ़ियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

### गमछा देकर किया सम्मान

सभी उपस्थित लोगों का अरुण मिश्र ने गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षाविद दिनेश त्रिपाठी, लक्ष्मण द्विवेदी, संदीप शुक्ला,दुर्गेश पांडेय,एड. रमेश त्रिपाठी, अंकित त्रिपाठी, अविनाश पांडेय, अनिल बारी, के.के तिवारी, महेंद्र तिवारी, भोला गिरी, लालजी यादव, मुन्ना पांडेय, पवन शुक्ला अरविंद शुक्ला,राजेश मिश्र, संतोष पाण्डेय, एड्.विनय दूबे, प्रदीप मिश्र, आनंद पांडेय, राजेश्वर दूबे, दिनेश दूबे,पवन पांडेय, रितेश्वर मिश्र सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सलमान की 25 लाख की दी गई थी सुपारी

- **पुलिस का दावा- पाकिस्तान से AK-47 आनी थी**
- **चार्जशीट में 5 आरोपियों के नाम**

एक्टर सलमान खान के घर हुई फायरिंग की जांच कर रही नवी मुंबई पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि लॉरेंस गैंग ने सलमान को मारने के लिए 25 लाख रुपए की सुपारी दी थी।



पुलिस ने अब इस मामले में गिरफ्तार किए गए लॉरेंस गैंग के 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

ये आरोपी सलमान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान से एके-47 राइफल, एके-92 राइफल और एम-16 राइफल खरीदने की तैयारी कर रहे थे। इसके अलावा इन्होंने जिगाना पिस्तौल भी मंगवाने की कोशिश की, जिससे पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की गई थी।

### 24 अप्रैल को गिरफ्तार किए गए थे 4 आरोपी

14 अप्रैल को सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग हुई थी। नवी मुंबई पुलिस ने 24 अप्रैल को लॉरेंस गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार किया था, जो पनवेल में सलमान की कार पर अटैक करने की प्लानिंग कर रहे थे।

इन आरोपियों की पहचान धनंजय उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ न्हाई, वासपी खान उर्फ वसीम चिकना और जीशान खान उर्फ जावेद खान के तौर पर हुई थी। मामले में पांचवें आरोपी को पुलिस ने 3 जून को हरियाणा से पकड़ा था।

## भिवंडी में निशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** अजयनगर स्थित अंबामाता मंदिर के सामने मंदिर हाल में मुंबई के प्रसिद्ध तारा संस्थान के नेत्र विशेषज्ञ द्वारा नेत्र जांच व मोतियाबिंद जांच तथा मुफ्त चश्मा वितरण के भव्य शिविर का अयोजन किया गया.

नेत्र जांच शिविर में 253 लोगों अपनी आंखों की जांच करवाई जिसमें 180 लोगों को मुफ्त चश्मा वितरित किया गया. 220 लोगों ने मुफ्त दवा दी गई . उक्त शिविर में 34 लोगों में जांच के बाद मोतियाबिंद होने का पता चला है जिनका आपरेशन तारा नेत्रालय मीरा रोड में मुफ्त किया जायेगा. नेत्र शिविर को आयोजित करवाने में समाजसेवी सुरेश कुमार शर्मा व श्रीमती इंदु शर्मा द्वारा स्व.श्रीमती तुलसादेवी शर्मा व स्व. रामजी लाल शर्मा की याद में किया गया.

शिविर के आयोजन में मुख्य भूमिका रंजीत सिंह बालिया,गौतम सदाणी विक्रम सिंह बालिया के साथ अंबा माता मंदिर के ट्रस्टी ओम सिंह परमार , मोतीसिंह देवडा,मंदिर के पुजारी घनश्याम महाराज का रहा है .

उक्त मौके पर विमला आई हास्पिटल के डा. अनूप मिश्रा , डा.राजकुमार भोईर,भैरव चैरिटेबल ट्रस्ट के अनिल जैन , वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण गोपाल सिंह, आचार्य सूरजपाल यादव आदि लोग उपस्थित थे.

## यूबीटी ने की 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ़ करने की मांग

**नवी मुंबई.** मध्यम वर्गीय नागरिकों के लिए 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने तथा महावितरण द्वारा बढ़ाए गए जमानत राशि के विरोध में शिवसेना ठाकरे गुट ने वाशी स्थित महावितरण कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही नवी मुंबई में जारी बिजली कटौती से नागरिकों की दुर्दशा पर भी विरोध जताया गया। इस दौरान महायुति सरकार तथा ऊर्जा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विद्युत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

### आम सूचना

मैं श्री अरविंद नथूराम दोहरे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 413, सामने बैरक नं. 424, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय015675400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अनिल नथूराम दोहरे के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 26.6.2024 सी.नं. 1554 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिल नथूराम दोहरे**

### जाहीर नोटीस

**तहसिलदार तथा तालुका कार्यकारी दंडाधिकारी उल्हासनगर यांचे कार्यालय, गांधी रोड उल्हासनगर-5**

दुरध्वनी क्र.: 02512530568 ईमेलः tahulhasnagar@gmail.com

1) श्री संजय कुमार लालचंद शर्मा
अर्जदार
रा. म्हारळ गांव,ता. कल्याण, जि. ठाणे

**विरुद्ध**

2) निबंधक जन्म-मृत्यु नोंदणी विभाग सामनेवाले
उल्हासनगर महानगर पालिका, उल्हासनगर

**तमाम जनतेस सदर नोटीसीद्वारे सुचीत करण्यात येते आहे ते येणेप्रमाणेः**

1. उपरोक्त अर्जदार श्री संजयकुमार लालचंद शर्मा यांचा जन्म उल्हासनगर येथे दिनांक 27/04/1976 रोजी झालेला आहे. अर्जदाराकडून काही अपरिहार्य कारणामुळे तसेच अनावधनामुळे सदर जन्माची नोंद निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर दप्तरी करुन जन्माचा दाखला प्राप्त करुन घ्यावयाचा राहीला होता. अर्जदार यांना त्यांच्या जन्मदाखल्याची आवश्यकता आहे.
2. उशीरा जन्म नोंदणी दाखला मिळणेसाठी मा. तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी यांचेकडून आदेश प्राप्त करुन घ्यावयाचा असल्यामुळे सदर कार्यालयास किरकोळ अर्ज दावा क्र. 55/2024 दाखल केला आहे.
3. सदर बाबत कोणत्याही व्यक्तीची कोणतीही हरकत असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 30 दिवसाच्या आत अपर न्यायालयात दाखल करावी वरील मुदतीत कोणी योग्य हरकत न दाखल केल्यास अर्जदार यांना सदर कार्यालयातफे अर्जदार यांचा जन्म नोंदणीचा दाखला मिळणेकरीला आदेश करण्यात येईल,

आज दिनांक माहे 02/07/2024 रोजी माझे सहीने व शिक्क्याने दिली.
हुकुमावरुन

शिक्का

सही/-
कार्यकारी दंडाधिकारी, उल्हासनगर

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099